Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
**Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.**

पत्रांक : प्रोरासिविवि / कुसका / 2024–मेमो–01 दिनांक 08 नवम्बर, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उ0प्र0।

विषय : लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर राज्य विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियां संचालित कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 से प्राप्त निर्देश के क्रम में **लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं ''राष्ट्रीय एकता दिवस''** के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में निम्नानुसार कार्यक्रम / प्रतिस्पर्धाएं संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

1. **लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर स्पीच / डिबेट।**
2. **एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता।**
3. **कविता लेखन।**
4. **निबन्ध लेखन।**
5. **देश भक्ति गीत (एकल)**

(1) उक्त प्रतिस्पर्धाएं प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं में निम्नांकित तीन स्तर पर सम्पन्न होंगेः–

(क) **प्रथम स्तर**– सम्बद्ध महााविद्यालयों के स्तर पर।
(ख) **द्वितीय स्तर**– छः विश्वविद्यालय के समूहों के स्तर पर।
(ग) **तृतीय स्तर**– प्रदेश स्तर पर छः समूहों से चिन्हित विजेताओं के मध्य।

(2) प्रतिस्पर्धाओं के चक्र निम्नानुसार होंगेः–

(क) **प्रथम चक्र**–सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर आयोजित होगा व उनके विजेताओं के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के एक (1) विजेता विश्वविद्यालय स्तर पर घोषित किए जाएंगे।

(ख) **द्वितीय चक्र**– छः विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धाओं में चिन्हित विजेताओं के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालयों के समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह में प्रत्येक प्रतिस्पर्धा हेतु 03 विजेता घोषित किए जाएंगे।

(ग) **तृतीय चक्र** – राजभवन में दिनांक 15.12.2024 को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के कुल 18 सहभागी / प्रतिस्पर्धी होंगे। इस प्रकार 05 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के कुल 90 छात्र–छात्रों के मध्य राजभवन में प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी।

अतएव, उपर्युक्त निर्देशों के क्रम में प्रतिस्पर्धाओं / कार्यक्रमों के समयान्तर्गत संचालन हेतु मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार निम्नांकित निर्देश दिए जाते हैंः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय अपने स्तर पर उपर्युक्त 05 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन दिनांक 11.11.2024 से 15.11.2024 के मध्य सम्पन्न कराए जाएंगे तथा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेताओं की सूची जनपद के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य को दिनांक 15.11.2024 की सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध कराएंगे। इसी मध्य

विश्वविद्यालय परिसर में भी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

2. प्रत्येक जनपद के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य का दायित्व होगा कि अपने जनपद के सम्बद्ध महाविद्यालयों से प्राप्त विजेताओं के मध्य प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन दिनांक 16.11.2024 से 18.11.2024 के मध्य किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेता की सूची विश्वविद्यालय को दिनांक 18.11.2024 की सायं 05.00 बजे तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जाएगी।
3. विश्वविद्यालय स्तर पर उक्तवत सभी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन दिनांक 19.11.2024 से 24.11.2024 के मध्य सम्पन्न करायी जाएंगी।

उक्त प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन हेतु निम्नांकित महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों को जनपद का नोडल प्रभारी तथा विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन हेतु समन्वयक नियुक्त किया जाता हैः–

(क) विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतिस्पर्धाओं हेतु प्रो0 आशुतोष कुमार सिंह, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण, प्रोरासिविवि, प्रयागराज (मो0नं0–7587439157) को समन्वयक के रूप में नामित किया जाता है।

(ख) जनपदवार नामित नोडल अधिकारियों की सूची निम्नवत् हैः–

| | |
|---|---|
| **जनपद–प्रयागराज** | **प्रो0 गीतान्जली मौर्य,** प्राचार्य, कुलभाष्कर आश्रम पी0जी0 कालेज, प्रयागराज (मो0नं0–9140625582) |
| **जनपद–कौशाम्बी** | **प्रो0 प्रबोध श्रीवास्तव**, प्राचार्य, भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी (मो0नं0–9412273280) |
| **जनपद–फतेहपुर** | **प्रो0 बृजेन्द्र सिंह,** प्राचार्य, महात्मा गांधी पी0जी0 कालेज, फतेहपुर (मो0नं0–8707085307) |
| **जनपद–प्रतापगढ़** | **प्रो0 अरविन्द मिश्रा**, प्राचार्य, एम0डी0पी0जी0 कालेज, प्रतापगढ़ (मो0नं0–8299713221) |

**नोटः** 1. उक्त प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन हेतु मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों एवं नोडल समन्वयक की एक बैठक पूर्वाह्न 11.30 बजे मा0 कुलपति जी के कार्यालय कक्ष स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी है। जनपद–प्रयागराज के बाहर के पदाधिकारी बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग करेंगे। बैठक का लिंक पृथक से प्रेषित किया जा रहा है।

2. महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण यथा–नाम, पिता का नाम, कक्षा, मोबाइल नम्बर आदि तथा प्रतिस्पर्धा की फोटोग्राफी समन्वयक/ जनपद नोडल प्रभारी/महाविद्यालय के पास सुरक्षित रखी जाएगी।

भवदीय

**(संजय कुमार)**
**कुलसचिव**

<u>पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।</u>

प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी।
3. प्रो0 आशुतोष कुमार सिंह, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
5. समस्त जनपद नोडल प्रभारीगण/विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के सदस्यगण।
6. श्री विवेक कुमार कनौजिया, उप कुलसचिव को समस्त कार्यक्रम के समन्वय हेतु।
7. महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**